RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

राजनीति में घुस गया, सारा ही परिवार।
यहां-वहां फिट हो गये, सारे रिश्तेदार।
सारे रिश्तेदार, सभी पर अच्छी बीती।
पत्नी-बेटा कहीं, कहीं साला मां जीती।
कह साहिल कविराय, यहां के अब हम गब्बर।
पावर में आ गया, हमारा पूरा टब्बर।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 127 | SUNDAY DATE 31-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# कांवड़ शिविरों को मिलेगा सरकारी समर्थन : रेखा



## रेखा गुप्ता की जल आपूर्ति पर बड़ी समीक्षा बैठक, कई निर्देश दिए

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार राजधानी के प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। सरकार तत्काल राहत उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक समाधान पर भी समान रूप से ध्यान दे रही है ताकि भविष्य में जल संकट की स्थिति को स्थायी रूप से नियंत्रित किया जा सके। मुख्यमंत्री के अनुसार भीषण गर्मी के चलते उत्पन्न जल संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए हरियाणा द्वारा मुनक नहर के माध्यम से न्यूनतम 1,000 क्यूसेक जल आपूर्ति बनाए रखने का आश्वासन दिया गया है तथा 980 से अधिक टैंकर और 6,000 से ज्यादा दैनिक ट्रिप के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आगामी कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए उच्च स्तरीय ह्यकांवड़ समितिह्न का पुनर्गठन किया है। दिल्ली सरकार के संस्कृति और कानून मंत्री कपिल मिश्रा को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच विधायकों को बतौर सदस्य इसमें शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में लिखा कि उच्च स्तरीय कांवड़ समिति का पुनर्गठन किया गया है। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि अजय माहवार, अनिल शर्मा, करनैल सिंह, संजय गोयल और उमंग बजाज को इस समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार इस बार भी शिवभक्तों के लिए सम्मानजनक एवं बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करेगी। इसके लिए कांवड़ शिविरों को विशेष सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक पारंपरिक धार्मिक आयोजन मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अटूट सामाजिक समरसता और जनआस्था का एक विराट महोत्सव है। उन्होंने कहा कि सावन माह में दिल्ली की सड़कों पर उमड़ने वाला शिवभक्तों का सैलाब देश की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करता है। दिल्ली सरकार के लिए कांवड़ व्यवस्थाएं अब सिर्फ कागजी प्रशासनिक कामकाज नहीं रह गई हैं, बल्कि यह पूरी व्यवस्था दिल्ली में सेवा, श्रद्धा और सम्मान का एक अनूठा प्रतीक बन चुकी है। सरकार का मुख्य ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वाले हर एक शिवभक्त (कांवड़िए) को अतिथि के रूप में देवतुल्य सम्मान और श्रेष्ठ सुविधाएं मिलें।

मुख्यमंत्री की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि अध्यक्ष कपिल मिश्रा के नेतृत्व में यह नवगठित समिति जल्द ही दिल्ली के सभी डीएम, दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। समिति का मुख्य फोकस रूट मैनेजमेंट, वाटरप्रूफ टेंटों की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, 24 घंटे निर्बाध बिजली-पानी की आपूर्ति और सुरक्षा चाक-चौबंद रखने पर होगा, ताकि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी यात्रा निर्विघ्न और अभूतपूर्व रूप से संपन्न हो सके।

## देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरतः अरविंद केजरीवाल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।



आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पेपर लीक और इसे रोकने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है। मौजूदा केंद्र सरकार नीट पेपर लीक की जड़ तक पहुंचने के बजाय अनपढ़ों जैसी बात कर रही है। सरकार कह रही है कि नीट में पेपर लीक रोकने के लिए वायु सेना के जहाज इस्तेमाल किए जाएंगे।

क्या इससे पेपर लीक रुकेगा? उन्होंने कहा कि वास्तविकता तो यह है कि पेपर लीक रोकने की सरकार की नीयत ही नहीं है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह माफिया के चंगुल में आ चुकी है। अगर व्यवस्था को ठीक करना है तो सबको मिलकर कुछ करना होगा। अकेले किसी के कुछ करने से नहीं होगा। श्री केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि मैं खुद आईआईटी से इंजीनियर हूं, पढ़ा-लिखा हूं। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझता हूं। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता। शुक्रवार को हमारे देश की सरकार ने एलान किया है कि अब नीट के पेपर को लीक होने से बचाने के लिए एयरफोर्स के जहाज और एयरफोर्स के बुलेट प्रूफ ट्रकों से उसे ट्रांसपोर्ट करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी-बिहार में आंधी-बारिश का कहर, 48 लोगों की मौत

बिहार में 17 और उत्तर प्रदेश में 31 लोगों ने गंवाई जान, पठानकोट में ओलावृष्टि

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली है। आंधी, बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं ने उत्तर प्रदेश और बिहार में भारी तबाही मचाई है। दोनों राज्यों में पिछले 24 घंटे के दौरान कुल 48 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने 15 से अधिक राज्यों में बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। पंजाब के पठानकोट में शनिवार सुबह ओलावृष्टि हुई। बिहार में आंधी-बारिश और वज्रपात से 17 लोगों की जान चली गई। राजधानी पटना में खराब मौसम का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा। तेज बारिश और कम दृश्यता के कारण चार उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की ओर डायवर्ट करना पड़ा, जबकि 18 उड़ानें देरी से संचालित हुईं। इससे 500 से अधिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने रविवार को भी राज्य के 25 जिलों में बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है। वहीं, उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान से 31 लोगों की मौत हो गई।

### अमरनाथ यात्रा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम, 80 हजार जवान रहेंगे तैनात

दो माह तक चलने वाली यात्रा में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

**श्रीनगर, यूटर्न/ 30 मई।** अमरनाथ यात्रा 2026 को लेकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए जा रहे हैं। 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलने वाली इस वर्ष की यात्रा के लिए 80 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार यह अमरनाथ यात्रा के इतिहास की सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था मानी जा रही है। सुरक्षा योजना के तहत लगभग 60 हजार अर्धसैनिक बलों के जवानों को जम्मू-कश्मीर में तैनात किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की करीब 700 कंपनियां विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में लगाई जाएंगी। इनके अलावा पहले से तैनात जम्मू-कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना के करीब 20 हजार जवान भी यात्रा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### ह्यखेत बचाओ अभियानह्न एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगाः चौहान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।** उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी की जांच, जैविक खाद को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय कृषि मंत्रालय का ह्यखेत बचाओ अभियानह्न एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा। अभियान का लक्ष्य है कि खेत बचे, लागत संभले, मिट्टी सुधरे, किसान जागरूक बने और गांव स्तर पर कृषि प्रबंधन की नई संस्कृति विकसित हो। एक सरकारी विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। इसमें बताया गया है कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'खेत बचाओ अभियान' को खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाने का संदेश दिया है। इस अभियान की तैयारी के संबंध में श्री चौहन ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक लेकर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही।

## गुजरात में घुसपैठ और बॉर्डर पर तस्करी पूरी तरह बंद हुई : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

» भुज, यूटर्न/ 30 मई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा (आईपीबी) से लगे गुजरात के सीमावर्ती एवं तटीय जिलों से जुड़े सुरक्षा संबंधी विषयों पर सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, गुजरात के डीजीपी सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कच्छ, बाव थराद और पाटन के डीएम और एसपी उपस्थित थे। बैठक में अधिक सुदृढ़ और व्यापक सीमा प्रबंधन की दृष्टि से भारत-पाकिस्तान सीमा पर ऐसे सीमावर्ती क्षेत्रों की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, तथा इसमें राज्य सरकार, विशेषकर डीएम और एसपी की सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका पर बल दिया गया।

बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बॉर्डर फेंसिंग, समुद्री सीमा सुरक्षा और राज्य सरकार की दृढ़ राजनीतिक



इच्छाशक्ति से गुजरात के सुरक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है और राज्य में घुसपैठ तथा बॉर्डर पर तस्करी पूरी तरह बंद हो गई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा के 0 से 15 किलोमीटर क्षेत्र में हर अनधिकृत अतिक्रमण के प्रति जीरो टॉलरेंस अप्रोच रखकर उसे समाप्त किया जाए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में रेडिकलाजेशन के केंद्रों पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में जिला मजिस्ट्रेट को जनसांख्यिकी परिवर्तन की सख्त मॉनिटरिंग एवं नियमित रिपोर्टिंग करनी चाहिए।

## वायुसेना के विमानों की मदद से नीट प्रश्नपत्र लाने की बात सरकार की विफलता छिपाने का प्रयास : कांग्रेस

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।



कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा और कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने नीट परीक्षा के प्रश्नपत्रों के वितरण की व्यवस्था, एनटीए पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, कर्नाटक नेतृत्व की बैठक और ईंधन भंडार प्रबंधन पर सरकार के निर्देशों पर अपनी राय व्यक्त की। दोनों नेताओं ने नीट परीक्षा के लिए वायुसेना के विमानों के इस्तेमाल और तरह-तरह के कदम उठाने के दावे को सिर्फ भाजपा सरकार का नाटक बताया।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से सिद्दारमैया के इस्तीफे पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आईएएनएस से कहा, 'हमारी पार्टी बहुत पुरानी, बहुत अनुशासित और बहुत अनुभवी है। हमारे नेता बहुत अनुभवी हैं। जिस बदलाव को लेकर सब इतने हैरान हैं, वह हर बार होता आया है। 140 साल पुरानी पार्टी अन्य राजनीतिक दलों को जो खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी समझते हैं, यह सिखा सकती है कि लाठी-डंडे के बल के बिना प्रेम और स्नेह से साथ बैठकर रास्ते खोजे जाते हैं, समाधान ढूंढे जाते हैं और समस्याओं का हल निकाला जाता है।'

नीट के पेपर लीक मामले पर पवन खेड़ा ने कहा, 'हमारे युवाओं, बच्चों के साथ इससे बड़ा क्रूर मजाक और क्या हो सकता है? अब तक हम धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। अगली बार जब पेपर लीक होगा, तो हम राजनाथ सिंह के इस्तीफे की मांग करेंगे क्योंकि अब तो वायुसेना के विमानों से पेपर लाने की तैयारी है। हम प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे, जो घोटाला होने के बाद निगरानी करने आते हैं। घोटाला होने से पहले निगरानी क्यों नहीं करते।'

## अहिंसा सर्वोच्च धर्म, लेकिन देश-समाज की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों के प्रति अपनाना होगा सख्त रवैया : योगी

» लखनऊ, यूटर्न/ 30 मई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी। कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता। हम जब अधूरी बात कहते हैं तो वह अर्थ का अनर्थ करता है, इसलिए पूरी बात कहना सीखें। भारत की ऋषि परंपरा प्रेरणा देती है कि 'अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथैव च' यानी सामान्य जीवन में अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म



होना चाहिए, लेकिन सामने वाला देश व समाज की सुरक्षा के लिए खतरा है तो उसके लिए अंततः हिंसा ही अपनानी पड़ेगी। देश के दुश्मन के साथ यही हमारा धर्म है और भारतीय सेना पूरी मजबूती के साथ यह करती है। मुख्यमंत्री शनिवार को राजधानी में 19 करोड़ रुपये की लागत से 2 एकड़ से अधिक क्षेत्र में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका (नौसेना शौर्य संग्रहालय के द्वितीय चरण) के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित सैन्य अधिकारियों, कार्मिकों व जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के साथ इस वाटिका का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर नौसेना बैंड की अनुपम प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सोच बड़ी होती है और व्यक्ति बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिणाम आता है, जो युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान करता है। इस वाटिका में आने वालों को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी मिलेगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# चोरी की वारदातों में शामिल सात आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान और अवैध हथियार बरामद

**» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 30 मई।**



ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सोने की चैन, तांबे का तार तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में कुछ ऐसे भी शामिल हैं जिनका पहले से लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस के अनुसार 29/30 मई 2026 की रात ओमीक्रोन-3 सर्विस रोड तथा एलएंडटी सर्विस रोड, साकीपुर के पास से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तम, दीपेश, गौरव, दीपक भाटी, रोहित भाटी उर्फ रैंचो, सूरज और रोहित के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दीपक भाटी, रोहित भाटी उर्फ रैंचो, सूरज और रोहित आपस में मित्र हैं। इन चारों ने योजनाबद्ध तरीके से 19 मई 2026 को ग्राम साकीपुर निवासी एक महिला को बातचीत में उलझाकर उसके गले से सोने की चैन चोरी कर ली थी। विशेष बात यह रही कि आरोपी दीपक और पीड़िता आपस में रिश्तेदार हैं, जिसके कारण महिला आसानी से उनकी बातों में आ गई।

घटना का एहसास होने पर पीड़िता ने थाना सूरजपुर में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से करीब दो तोले वजन की पीली धातु की चैन बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई गई है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि उत्तम, दीपेश और गौरव एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे। यह गिरोह नोएडा, ग्रेटर नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में बंद पड़े मकानों, निमार्णाधीन भवनों और दुकानों की रेकी करता था। मौका मिलने पर ये लोग वहां से बिजली फिटिंग का सामान चोरी कर लेते थे। इसी क्रम में 30 जनवरी को ग्राम जैतपुर स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान से बिजली का तार चोरी किया गया था। आरोपियों ने चोरी किए गए तार को जलाकर उसमें से तांबा निकाल लिया था और उसे बेचने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब चार किलोग्राम तांबा बरामद किया है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

# जीवन अमूल्य है नशे में न गवां, तम्बाकू छोड़ स्वस्थ जीवन अपना

डॉ. अशोक कुमार वर्मा



प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्वभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा भावी पीढ़ियों को नशे के चंगुल से बचाना है। आज तम्बाकू केवल एक व्यक्तिगत व्यसन नहीं रह गया, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चुनौती बन चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समय-समय पर प्रकाशित आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि तम्बाकू मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे घातक कारणों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रति वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है। इनमें लगभग 13 लाख लोग ऐसे होते हैं जो स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करते, लेकिन दूसरों के धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आने के कारण प्रभावित होते हैं। इनमें महिलाएं, बच्चे और वृद्ध विशेष रूप से शामिल हैं। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 17 लाख लोग तम्बाकू सेवन के कारण अपने प्राण गंवाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार भारत में प्रतिदिन हजारों लोग तम्बाकू जनित रोगों के कारण मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। 39वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने 15 मई 1986 को अपने 14वें अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया था कि धूम्रपान न करने वाले लोगों को भी धूम्रपान के अनचाहे प्रभावों से संरक्षण प्रदान किया जाए। अनेक सार्वजनिक स्थानों पर लोग धूम्रपान करते हैं और यह नहीं सोचते कि उससे अन्य व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है। इसी उद्देश्य से 31 मई 1987 को पूरे विश्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार ने भी तम्बाकू नियंत्रण हेतु अनेक महत्वपूर्ण नियम बनाए और लागू किए। गणतंत्र के 54 वें वर्ष में 'सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003' सम्पूर्ण भारत में लागू किया गया। इस अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषिद्ध है। धारा 5 के अंतर्गत तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचना अपराध है तथा किसी शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के क्षेत्र में इन उत्पादों का विक्रय प्रतिबंधित है। धारा 7 के अनुसार तंबाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य चेतावनी अंकित करना अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 को 2 अक्टूबर 2008 से प्रभावी किया गया। इस नियमावली के अनुसार सार्वजनिक स्थानों के मालिक एवं प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके परिसर में कोई व्यक्ति धूम्रपान न करे। प्रत्येक प्रवेश द्वार पर 'गैर-धूम्रपान क्षेत्र झ धूम्रपान अपराध है' लिखे बोर्ड लगाना भी अनिवार्य किया गया है। सरकार द्वारा तंबाकू को निषेध करने के लिए समय समय पर विशेष कार्य किया गया है, तम्बाकू उत्पाद पर चेतावनी युक्त सन्देश के साथ साथ कैंसर का फोटो लगाया गया है और प्रत्येक तम्बाकू उत्पाद पर यह लिखा है कि तम्बाकू के सेवन से कैंसर होता है। 18 वर्ष से निम्न आयु के व्यक्तियों को यह विक्रय करना दंडनीय अपराध है। यहां तक कि पिक्चर हॉल में यह विज्ञापन बार-बार प्रसारित किया जा रहा है कि धूम्रपान जान लेवा है। आज ही धूम्रपान छोड़ने के लिए दशार्ये गए नंबर पर सम्पर्क करें। तम्बाकू सेवन से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, लकवा, दमा, फेफड़ों की बीमारी, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर तथा फेफड़ों का कैंसर जैसी गंभीर व्याधियां उत्पन्न होती हैं। दुखद स्थिति यह है कि आज गांवों से लेकर शहरों तक तम्बाकू उत्पाद अत्यंत सरलता से उपलब्ध हैं। रंग-बिरंगे पाउच और आकर्षक पैकिंग के माध्यम से युवाओं को इसकी ओर आकर्षित किया जा रहा है। कई बार किशोर अवस्था में केवल शौक के रूप में आरम्भ किया गया धूम्रपान अथवा तम्बाकू का सेवन जीवनभर के लिए लत बन जाता है। आज यह व्यसन ई-सिगरेट और ई-हुक्का जैसे नए रूप भी समाज में तेजी से पैर पसार रहा है।



## पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर छबील लगाकर किया हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन

**पानीपत, यूटर्न/ 30 मई।** रिफाइनरी स्थित आइओसीएल चौंक पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर मीठे पानी की छबील लगाकर हवन यज्ञ कर भंडारे का आयोजन किया गया। यज्ञ में सैंकड़ों लोगों ने आहुति डालकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को ज्येष्ठ मास (पुरुषोत्तम मास) की पूर्णिमा के दिन हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुलशन कुमार ने भंडारे में सेवा की। गुलशन कुमार ने कहा कि ज्येष्ठ मास में पानी पिलाने और भंडारे का प्रसाद खिलाने से आत्मिक शांति मिलती है। ज्येष्ठ अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) में छबील और भंडारे का आयोजन अत्यधिक पुण्य, जन-कल्याण और भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए किया जाता है। इस मास में अन्न-जल का दान करने से सामान्य दिनों की तुलना में अधिक फल की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार, पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। इस पवित्र महीने में भूखे को भोजन (भंडारा) और प्यासे को पानी (छबील) पिलाने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। भीषण गर्मी से राहतः ज्येष्ठ (जेठ) का महीना गर्मियों के चरम पर होता है, जिसमें सूर्य की किरणें प्रचंड होती हैं। इस तपती धूप में राहगीरों को ठंडा पानी, शर्बत या छबील पिलाना मानव सेवा का सबसे उत्तम कार्य माना जाता है। भंडारे के माध्यम से समाज के हर वर्ग को समान रूप से प्रसाद प्राप्त होता है। जो ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्ल की भावना को बढ़ाता है। इस अवसर पर हेमंत कुमार, राममेहर शर्मा, संदीप कुमार, बिजेंदर, हरदीप सिंह, राजेश कुमार, गोपाल राणा, घनश्याम पाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए जल सेवा का किया शुभारम्भ

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 मई।** तपती गर्मी मे जब रेल से कोई यात्री उतरता है तो सबसे पहले ठन्डे जल की तलाश करता है ! यात्रियों को ठंडा जल मिले इसके लिए श्री स्थाणु सेवा मण्डल हर वर्ष कुरुक्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर वर्षो से जल सेवा करता आ रहा है आज ईस सेवा का शुभारम्भ पूज्य महंत लक्ष्मीनारायण पूरी जी ने किया ! ईस अवसर पर हरीश अरोड़ा पूर्व मण्डल अध्यक्ष जी मुख्य अतिथि रहे ! श्री लक्की काठपाल जी वशिष्ठ अतिथि रहे ! हरीश अरोड़ा ने अपनी सुपत्री समृद्धि अरोड़ा जी के जन्मदिन पर जलजीरे की सेवा दी ! महंत लक्ष्मीनारायण पुरी जी ने सभी अतिथियों व श्री स्थाणु सेवा मंडल के सदस्यों को शुभ आशीर्वाद दिया और अपनी समाज के प्रति सेवाओं को जारी रखने की प्रेरणा दी ! श्री स्थाणु सेवा मण्डल के प्रधान सतीश शर्मा जी ने आये हुऐ सभी लोगों का आभार व्यक्त किया ! ईस अवसर पर हरीश अरोड़ा, समृद्धि अरोड़ा, लक्की काठपाल, सुरेंदर काठपाल, जगदीश अरोड़ा ( सीनियर सेक्शन इंजीनियर ), सुदेश पाल, रमेश वर्मा, सतबीर सैन, केवल कृष्ण, चन्दर प्रकाश, मन्नू, भाषी, दर्शन पाहवा, प्रेम मदान, नानक चंद गल्होत्रा, सुरेंदर हमबीरिया, योगेश गौड़, राधेश्याम, परवीन गुप्ता, गुलशन चावला, रमेश सचदेवा, अनिल पोपली जी उपस्थित रहे.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कुरुक्षेत्र को बाईपास के रूप में जीवन रेखा देने पर बहुत-बहुत आभार : नायब सिंह सैनी




**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 मई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का बहुत बहुत आभार और धन्यवाद है, जिन्होंने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को बाईपास देकर एक जीवन रेखा की सौगात देने का काम किया है। कुरुक्षेत्र के लिए यह बाईपास नहीं बल्कि सडक मार्ग पर बहुत बड़ी राहत है, जिसका लंबे समय से कुरुक्षेत्र के नागरिकों को इंतजार था। लंबे समय के इंतजार के बाद बाईपास बनाने की घोषणा से कुरुक्षेत्र के नागरिकों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र को 27.9 किलोमीटर लंबी बाईपास परियोजना की सौगात मिली है। यह बाईपास कुरुक्षेत्र के दक्षिणी भाग से होकर निकाला जाएगा जो कुरुक्षेत्र पिहोवा मार्ग पर ज्योतिसर के पास इंदबरी से शुरू होकर स्टेट हाईवे नंबर 6, एमडीआर-119, किरमच रोड, अमीन रोड व नेशनल हाईवे -44 को जोड़ता हुआ गांव मथाना (स्टेट हाईवे-6) पर समाप्त होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस परियोजना से ना केवल पिपली चौक पर ट्रैफिक दबाव कम होगा, बल्कि कुरुक्षेत्र शहर को जाम से स्थायी राहत मिलेगी।

# बकरीद पर गाजियाबाद के किशोर की हत्या

## मां ने मुख्य आरोपी के खिलाफ की सख्त कार्रवाई की मांग

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मई।**

पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी में कहासुनी के बाद एक 17 वर्षीय किशोर की उसके दोस्त ने चाकू मारकर हत्या कर दी।

पीड़ित की पहचान सूर्या चौहान के रूप में हुई है। उसने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की मां और बहन ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह घटना गुरुवार को हुई थी जबकि सूर्या की मौत शुक्रवार को इलाज के दौरान हुई।

सूर्या खोड़ा कॉलोनी के एक प्राइवेट स्कूल में 11वीं क्लास का छात्र था। उसके बड़े भाई यश द्वारा खोड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बाद इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की गई।

गाजियाबाद पुलिस ने एफआईआर में नामजद चार आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरहान, आसिफ और नवाब के रूप में हुई है। फरहान मुख्य आरोपी असद का पिता है। पुलिस की टीमें असद का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही हैं। अपना दुख व्यक्त करते हुए सूर्य की मां सरोज ने आईएएनएस से कहा, 'मैं चाहती हूं कि उसे भी मार दिया जाए। जिस तरह उसने मेरे बेटे को मारा, मैं उसके लिए भी वैसी ही सजा चाहती हूं। मैंने 28 मई के बाद से अपने बेटे का चेहरा भी नहीं देखा है। मेरे दो बेटे और एक बेटी है। हालांकि, मेरा बड़ा बेटा दिव्यांग है। मुझे उम्मीद थी कि मेरा छोटा बेटा मेरा सहारा बनेगा लेकिन अब उसे भी हमसे छीन लिया गया है।' सूर्या की बहन ने आईएएनएस से कहा, 'हमें शुक्रवार सुबह करीब 3:30 बजे इस घटना की जानकारी मिली। हमें एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि किसी ने मेरे छोटे भाई को चाकू मार दिया है और हमें तुरंत अस्पताल पहुंचना चाहिए। मैं उस समय अपने ससुराल में थी और अपने भाई का चेहरा भी नहीं देख पाई। हमें अभी तक उसका शव भी नहीं मिला है।'



उसने असद पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा, 'असद ने ही मेरे भाई को चाकू मारा था। मेरे भाई और असद के बीच करीब आठ महीने पहले एक छोटी सी कहासुनी हुई थी लेकिन हमने कभी सोचा भी नहीं था कि वह इस तरह की कोई हरकत करेगा।'

उसके अनुसार, असद ने ईद के मौके पर सूर्य को मिलने के लिए बुलाया था। उसने बताया, 'हमें लगा कि यह एक आम मुलाकात है और हमने किसी भी तरह की साजिश का कोई शक नहीं किया। हालांकि, असद अकेला नहीं था; उसके साथ सात-आठ लोग और भी थे। मेरा भाई सिर्फ 17 साल का था। हमारे पिता अब हमारे साथ नहीं हैं और अब हमने अपने भाई को भी खो दिया है। अब हमारे पास कोई नहीं बचा।' इंसाफ की मांग करते हुए उसने कहा, 'जिस तरह से मेरे भाई की हत्या की गई, आरोपी का भी वही हश्र होना चाहिए। हम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहते हैं। असद अभी भी फरार है और हम चाहते हैं कि उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।' एक स्थानीय व्यक्ति ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'हमारी मांग है कि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिले, बच्चे के हत्यारों का एनकाउंटर किया जाए और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।'

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# 35 विभाग एक छत के नीचे: 2 जून को लगेगा मेगा लीगल सर्विस कैंप : श्रीमती वर्षा शर्मा , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव

**आधार, फैमिली आईडी, रोजगार और कानूनी सहायता का होगा तुरंत समाधान**

**न्याय से जनसेवा तक : मेगा लीगल सर्विस कैंप में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और साइबर सुरक्षा सेवाएं मुफ्त**



» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 30 मई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 2 जून को जिला न्यायालय परिसर स्थित बार कॉन्फ्रेंस हॉल, ग्राउंड फ्लोर में एक विशाल मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में 35 से अधिक सरकारी विभाग, संस्थाएं और सामाजिक संगठन एक ही छत के नीचे आमजन को मुफ्त सेवाएं, कानूनी सहायता और जागरूकता प्रदान करेंगे।


डीएलएसए सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री वर्षा शर्मा ने बताया कि इस विशेष शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों, जरूरतमंदों, वादकारियों तथा प्रशासनिक या सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों को एक ही स्थान पर त्वरित समाधान उपलब्ध करवाना है। शिविर में कानूनी सहायता से लेकर आधार कार्ड, फैमिली आईडी, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, पंचायत, बैंकिंग और महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी सेवाएं पूरी तरह निशुल्क प्रदान की जाएंगी। शिविर में सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा, जबकि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण और परिवहन संबंधी समस्याओं का समाधान करेगा। जिला आयुष अधिकारी पारंपरिक चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक सेवाओं की जानकारी देंगे। लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा बैंकिंग योजनाओं एवं वित्तीय सहायता की जानकारी दी जाएगी। जिला समाज कल्याण विभाग समाज के कमजोर वर्गों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देगा, वहीं शिक्षा विभाग छात्रवृत्ति, प्रवेश और शैक्षणिक योजनाओं को लेकर मार्गदर्शन करेगा। कृषि एवं बागवानी विभाग किसानों को फसल, सब्सिडी, मिट्टी जांच और फल-सब्जी उत्पादन संबंधी जानकारी देंगे।

# तूफान और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान, सरकार तुरंत मुआवजा दे झ्र विधायक नरेश सेलवाल



**राजेश सलूजा/हरियाणा, यूटर्न/ 30 मई।** हाल ही में आए तेज तूफान और ओलावृष्टि ने क्षेत्र के किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है।सेलवाल ने किसानों की खराब हुई फसलों और टूटे सोलर पैनलों को लेकर सरकार से तुरंत मुआवजा देने की मांग की है।विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि सरकार किसानों को समय पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाने में पूरी तरह नाकाम रही, जिसके कारण किसानों को मजबूरी में ट्यूबवेल चलाने के लिए सोलर पैनल लगवाने पड़े।अब आए भीषण तूफान में बड़ी संख्या में किसानों के सोलर पैनल टूट गए हैं, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।उन्होंने कहा कि पहले से ही किसान आर्थिक तंगी और बढ़ती लागत से परेशान हैं। ऐसे में प्राकृतिक आपदा ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।सरकार को तुरंत विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों की खराब हुई फसलों का उचित मुआवजा देना चाहिए तथा जिन किसानों के सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके नुकसान की भी पूरी भरपाई की जानी चाहिए।विधायक सेलवाल ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को राहत देने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं ताकि किसानों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

# गुरनाम सिंह सैनी के चेयरमैन मनोनीत होने पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा ने दी बधाई



**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 मई।** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा ने सैनी समाज सभा (कुरुक्षेत्र) के गौरव और लगातार चार बार से सैनी समाज का कुशल नेतृत्व कर रहे गुरनाम सिंह सैनी को सरकार द्वारा चेयरमैन मनोनीत करने पर कोटि-कोटि बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

अशोक रोशा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि गुरनाम सिंह सैनी की भारतीय जनता पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा, निस्वार्थ समर्पण और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए संगठन और सरकार ने उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा है।यह पूरे समाज और संगठन के कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। उन्होंने ईश्वर से गुरनाम सिंह सैनी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और एक अत्यंत यशस्वी एवं सफल कार्यकाल की कामना की है। उन्होंने विश्वास जताया कि गुरनाम सैनी के कुशल नेतृत्व में समाज सेवा और विकास कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी।इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अल्केश मुद्गल, रोशन बेदी, हरमेश सैनी भी उपस्थित रहे।

# 31 मई को सेवानिवृत्त होंगी प्रो. अतुल रसिका मौदगिल, आईआईएचएस परिवार ने दी भावभीनी शुभकामनाएं

» अश्विनी वालिया



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 मई। इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. अतुल रसिका मौदगिल 31 मई 2026 को अपनी दीर्घ एवं गौरवपूर्ण शैक्षणिक सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त हो रही हैं। इस अवसर पर संस्थान परिवार ने उनके उत्कृष्ट योगदान, संस्थागत समर्पण एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी शुभकामनाएं दी हैं।

अगस्त 1966 में अंबाला (तत्कालीन पंजाब) में जन्मी प्रो. रसिका मौदगिल एक शिक्षित एवं संस्कारित परिवार से संबंध रखती हैं। उनकी माता श्रीमती प्रेमलता कपिल हरियाणा शिक्षा विभाग में प्राचार्या के पद से सेवानिवृत्त हुईं। प्रो. मौदगिल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गीता गर्ल्स स्कूल, कुरुक्षेत्र से प्राप्त की तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से बी.एससी. (नॉन-मेडिकल), बी.एड., एम.ए. (अंग्रेजी), एम.फिल. एवं पीएच.डी. की उपाधियां हासिल कीं। उनका शोध कार्य स्वर्गीय प्रो. जी.एल. नारंग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

संस्थान के साथ उनका संबंध वर्ष 1982 में एक छात्रा के रूप में प्रारंभ हुआ। सितंबर 1992 में उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज, कुरुक्षेत्र में अस्थायी प्रवक्ता के रूप में कार्यभार संभाला और नवंबर 1993 में नियमित सेवा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कीं।

अपने शिक्षण कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनेक एम.फिल. एवं पीएच.डी. शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा शोध-पत्रों एवं जर्नल प्रकाशनों के माध्यम से अकादमिक जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने सौम्य व्यवहार, विद्वता एवं मार्गदर्शक व्यक्तित्व के कारण वे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और सहकर्मियों के बीच अत्यंत सम्मानित रहीं।

शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ प्रो. मौदगिल का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से भी गहरा जुड़ाव रहा है। वे शांतिकुंज हरिद्वार, गीता परिवार, गौड़ीय मठ, भारत सेवाश्रम संघ तथा गायत्री चेतना केंद्र जैसी संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं। उन्होंने गीता परिवार के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्यायों का अध्ययन कर प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया है। गीता, गंगा, गायत्री एवं गौ सेवा के आदर्श उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

उनके पति डॉ. वी.के. मौदगिल हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग में लगभग 32 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद राजकीय कन्या महाविद्यालय, चीका के प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए। वर्तमान में वे सामाजिक सेवा एवं अधिवक्ता के रूप में सक्रिय हैं। प्रो. मौदगिल के दोनों पुत्र भी अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। बड़े पुत्र ओजस्वी मौदगिल एवं पुत्रवधू आरजू गुरुग्राम स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जबकि छोटे पुत्र डॉ. अभिनव मौदगिल एवं पुत्रवधू डॉ. अदिति मावलंकर लंदन में वैश्विक शोध संस्थानों से जुड़े हुए हैं। डॉ. अभिनव प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी में तथा डॉ. अदिति एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान में वरिष्ठ शोध वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर आईआईएचएस परिवार ने प्रो. अतुल रसिका मौदगिल के स्वस्थ, सुखमय, शांतिपूर्ण एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका जीवन शिक्षा, आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक मूल्यों, संस्थागत समर्पण और मानव उत्थान का प्रेरणास्रोत रहा है।

# उपराष्ट्रपति ने गोवा स्थित सीएसआईआर राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान का किया दौरा




» **पणजी, यूटर्न/ 30 मई।**

भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को गोवा के पणजी स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (सीएसआईआर-एनआईओ) का दौरा किया।

संस्थान में वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि 11,000 किलोमीटर लंबी तटरेखा वाले भारत के लिए महासागर केवल एक संसाधन नहीं बल्कि एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है जिसका सम्मान और संरक्षण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत के समुद्र देश को विश्व से अलग करने वाली सीमाएं नहीं हैं बल्कि वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और रणनीतिक शक्ति से जोड़ने वाले पुल हैं।

भारत की समुद्री विरासत पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सदियों से हिंद महासागर ने भारत की सभ्यता को आकार दिया है, जहां प्राचीन भारतीय व्यापारियों, विद्वानों और नाविकों ने समुद्र के पार सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध स्थापित किए हैं।

सीएसआईआर-एनआईओ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह संस्थान लगभग छह दशकों से भारत के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों में से एक रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अपने शोध, नवाचार और अन्वेषण के माध्यम से यह संस्थान भारत को अधिक आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार बनाने में मदद कर रहा है।

उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करने के लिए सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। सीएसआईआर और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह साझेदारी अनुसंधान, नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय अनुसंधान संस्थानों को वैश्विक स्तर पर उन्नत प्रणालियों से निरंतर सीखना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप चलना चाहिए।




# आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल की छात्रा आरजू ने कला-विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

**हरियाणा, यूटर्न/ 30 मई।** उकलाना के आरडीएम पब्लिक स्कूल की 12वीं कक्षा की प्रतिभाशाली छात्रा आरजू ने एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। पंचायत भवन बूढ़ा खेड़ा में आयोजित कला-विज्ञान प्रतियोगिता में आरजू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जहां आरजू ने अपनी उत्कृष्ट कला प्रतिभा और रचनात्मक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। उनकी बेहतरीन प्रस्तुति को प्रतियोगिता में विशेष सराहना मिली। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने आरजू को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास ही उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि आरजू की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि आरजू भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी।

## फटाफट खबरें

### साथ रहने वाली महिला से पीछा छुड़ाने के लिए अज्ञात शव को बताया बेटा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मई।** साथ में रहने वाली महिला से पीछा छुड़ाने के लिए परिजनों ने मोदीनगर रेलवे ट्रैक पर मिले एक अज्ञात शव को लापता बेटे का बताकर दाह संस्कार कर दिया। इसके बाद महिला को उसके दो छोटे बच्चों के साथ घर से निकाल दिया गया। पीड़ित महिला जब थाने पहुंची तो मामला खुला। पुलिस अब यह पता कर रही है कि आखिर रेलवे ट्रैक पर मिला शव किसका था। महिला थाने में एक जनवरी 2026 को दी गई तहरीर के अनुसार पीड़िता जनपद मेरठ की रहने वाली है। वर्ष 2018 में परिजनों ने उसका निकाह अपने ही संप्रदाय के एक युवक से कराया था। निकाह के बाद दंपती की एक बेटी हुई, लेकिन पति आपराधिक प्रवृत्ति का होने के कारण वर्तमान में मेरठ जेल में बंद है। इसी दौरान पीड़िता की मुलाकात मुरादनगर निवासी एक युवक से हुई। आरोप है कि युवक ने धर्म परिवर्तन कर पीड़िता को बेटी समेत अपने साथ मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के संजयनगर में किराये के मकान में रख लिया। उनके दो बच्चे हुए। एक पांच साल का बेटा और दो साल की बेटी।

### हादसे में घायल की उपचार के दौरान गई जान

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मई।** कविनगर क्षेत्र में लाल कुआं के पास ऑटो के इंतजार में खड़े एक व्यक्ति की बाइक की टक्कर लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पत्नी तेहजीब ने कविनगर थाने में 28 मई को केस दर्ज कराया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि जवाहर पार्क में रहने वाली तेहजीब ने बताया कि उनके पति प्रवेश गाजीपुर में मोहम्मद रहीश की आढ़त की दुकान पर काम करते थे। चार अप्रैल की सुबह वह एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान आर्य फार्म हाउस के सामने लाल कुआं के पास एक बाइक चालक ने लापरवाही से बाइक चलाते उनके पति के टक्कर मार दी। हादसे में पति गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से लोगों ने उन्हें अस्पताल ने भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। तेहजीब का कहना है कि वह इद्दत में हैं। इस कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हो गई।

### डीएमई पर बस की टक्कर से स्कूटी सवार के दोनों पैर कुचले

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मई।** नोएडा से ड्यूटी कर घर लौट रहे स्कूटी सवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर विजयनगर बाईपास के निकट सवारियों से भरी रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एमएमजी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम करीब आठ बजे नोएडा की ओर से आ रहे स्कूटी सवार को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगते ही स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और घायल के दोनों पैर बस के पहिये से कुचल गए। हादसा होते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एमएमजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत में हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान राहुल निवासी विजयनगर के रूप में हुई है। बताया गया कि बस के पहिये के नीचे आकर घायल के दोनों पैर कुचल गए हैं।

# बारिश में जलभराव रोकेगा NDMC का स्मार्ट सिस्टम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**

लुटियंस दिल्ली में वर्षा के कारण जलभराव न हो, इसके लिए एनडीएमसी ने कई प्रयोग किए हैं। जहां जरूरत के हिसाब 600 एमएम तक की पाइपलाइन डाली जा रही है। वहीं, सेंसर युक्त पंपिंग सिस्टम भी तैनात किया जा रहा है।



### सेंसर आधारित पंपिंग सिस्टम कैसे काम करेगा?

जिससे वर्षा तेज होने पर पंप ऑटोमैटिक चालू हो जाएंगे और जलभराव की समस्या नहीं होगी। फिलहाल अफ्रीका एवेन्यू और जनपथ रोड स्थित जलभराव के संभावित स्थानों को देखते हुए यह व्यवस्था एनडीएमसी ने की है।

### जलभराव की तैयारियों का निरीक्षण करने कौन पहुंचे?

इसी को लेकर एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने अधिकारियों के साथ जलभराव से पूर्व मानसून की तैयारियों का जमीनी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अफ्रीका एवेन्यू में जलभराव से निपटने के इंतजामों को देखता साथ ही आरके आश्रम पर भी स्थिति का जमीनी निरीक्षण किया।

### पिछले साल जलभराव वाले क्षेत्रों में क्या सुधार किए गए हैं?

चहल ने बताया कि पिछले वर्ष आउटर सर्किल पर काके द ढाबा के बाद पास जलभराव की समस्या देखने को मिली थी। इसे दिल्ली सरकार और एनडीएमसी ने मिलकर खत्म कर दिया है। यहां एक नई लाइन डाली गई है, जिससे अब वहां जलभराव नहीं होगा।

### बारिश में जलनिकासी के लिए ठ्उ्उ के क्या इंतजाम?

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्षा होने पर जलनिकासी के लिए डीजी सेट, आवश्यक मानवबल तथा नियंत्रण कक्षों की व्यवस्था की है। चहल ने बताया कि वर्तमान में एनडीएमसी क्षेत्र में प्रमुख जलभराव अफ्रीका एवेन्यू, साउथ एवेन्यू और जनपथ जैसे स्थान हैं।

### CCTV और सेंसर मॉनिटरिंग सिस्टम कहां लगाए जा रहे?

इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे तथा सेंसर आधारित मानिटरिंग सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं ताकि वर्षा के दौरान त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसमें ऐसे पंप लगाए गए हैं कि जैसे ही पानी पंप तक पहुंचेगा तो पंप स्वतः शुरू हो जाएगी।

जबकि पूर्व में कर्मचारी मैनुअल तरीके से इनको स्टार्ट करते थे। वर्षा होने पर जब तक कर्मी पहुंचते थे तब तक पानी भर जाता था।

### हाईटेंशन लाइन टकराई, छह फ्लैटों के उपकरण फुंके

**लोनी, यूटर्न/ 30 मई।** डीएलएफ वेद विहार संस्कृति वाटिका में ए 92 नंबर बिल्डिंग में शुक्रवार को हाईटेंशन लाइन टकराई। इसके चलते हाई वोल्टेज से बिल्डिंग के छह फ्लैट में बिजली उपकरण फुंक गए। घरों की वायरिंग भी जल गई। पीड़िता सोनम ने बताया कि शुक्रवार को ट्रांसफार्मर के पास जा रही हाईटेंशन लाइन के तार तेज हवा से आपस में टकरा गए। तेज आवाज से धमाका हुआ और फिर हाई वोल्टेज से घरों में एसी, फ्रिज, टीवी और पंखा समेत अन्य उपकरण फुंक गए। वहीं, पड़ोसी राकेश और रवि के भी बिजली उपकरण के साथ बिजली तार भी जल गए। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। रूप नगर अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सर्वर ठप तो कभी ओटीपी की समस्या, गैस उपभोक्ता परेशान

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मई।** बुकिंग के बाद सिलिंडर अधिकतम दो दिन यानी 48 घंटे में डिलीवर कराने का नियम जमीन पर नहीं है। हालत यह है कि लोगों को इसके लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि सर्वर ठप तो कभी ओटीपी न आने की वजह से सिलिंडर की डिलीवरी होने में कई बार एक सप्ताह से भी अधिक का समय लग रहा है। यह हालत तब है जब ई-केवाईसी कराने के चक्कर में सवा दो लाख उपभोक्ताओं को सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं। पीएसी चौक निवासी उपभोक्ता रूखसाना ने बताया कि उनका कनेक्शन नेहरूनगर स्थित एजेंसी पर है। उन्होंने एक माह बाद सिलिंडर के लिए बुकिंग कराई थी।

## दोस्त ने ईद पर 11वीं के छात्र की चाकू से गोदकर की हत्या, रिपोर्ट दर्ज

**खोड़ा, यूटर्न/ 30 मई।** ईद के त्योहार पर खोड़ा थाना क्षेत्र की नवनीत विहार कॉलोनी में 11वीं कक्षा के छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि हमला सूर्या के दोस्त असद और उसके साथियों ने किया। सूर्या को पहले पेट में चाकू मारा गया। इसके बाद वह चाकू लगे हालत में करीब 200 मीटर तक जान बचाने के लिए भागा। आरोपियों ने पीछा कर उसे गिरा दिया और पेट से चाकू निकालकर दोबारा कई बार वार किए। उपचार के दौरान शुक्रवार को सूर्या ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक के भाई यश चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका परिवार मूलरूप से एटा के सुखवाबाद का रहने वाला है और खोड़ा में मां, बहन और भाई सूर्या के साथ रहता है। पिता कौशलेंद्र का पहले ही निधन हो चुका है। बृहस्पतिवार को सूर्या अपने दो दोस्तों विक्की और आयुष के साथ घर के पास घूम रहा था। उसी दौरान असद ने सूर्या को फोन कर बकरीद पर मिलने के लिए गली नंबर दो में बुलाया। सूर्या अपने दोस्तों के साथ असद के घर की ओर चल दिया। शिकायत के अनुसार असद अपने साथियों के साथ केले के गोदाम के पास खड़ा था। उसने सूर्या से कहा कि कभी बकरा हलाल होते देखा है। सूर्या ने मना किया तो असद ने कहा कि आओ आज तुम्हें दिखाते हैं। सूर्या ने फिर इन्कार किया और वहां से लौटने लगा। इसी बात पर असद ने गाली-गलौज शुरू कर दी और सूर्या के विरोध करने पर चाकू निकालकर उसके पेट में घोंप दिया।



## टीवी चैनलों को झटका, अब हर घंटे केवल 12 मिनट ही दिखेंगे विज्ञापन

### दिल्ली HC ने बरकरार रखा TRAI का नियम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**

प्रति घंटे 12 मिनट तक विज्ञापनों के प्रसारण को सीमित करने वाले ट्राई के नियमों को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि संविधान सार्वजनिक संसाधनों के असीमित उपयोग और लाभप्रदता की गारंटी नहीं देता है।




### दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्राई के अधिकार क्षेत्र को क्यों सही माना?

उक्त टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति अनिल क्षतरपाल व न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कई सामान्य मनोरंजन चैनलों, समाचार प्रसारकों और क्षेत्रीय चैनलों द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने सेवा की गुणवत्ता मानक (टेलीविजन चैनलों में विज्ञापनों की अवधि) विनियम- 2012 के विनियम-तीन और अन्य संबंधित प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी थी।

### विज्ञापनों के लिए ट्राई की 10+2 मिनट की सीमा क्या है?

अदालत ने फैसला सुनाया कि ट्राई ने विज्ञापनों के लिए प्रति घंटे 10+2 मिनट की समय सीमा तय करते समय अपने वैधानिक अधिकार क्षेत्र के भीतर काम किया और यह ढांचा प्रसारकों के अधिकारों और प्रसारण स्पेक्ट्रम के कुशल और निष्पक्ष उपयोग में जनहित के बीच उचित संतुलन स्थापित करता है।

### प्रसारकों ने ट्राई के नियमों के खिलाफ क्या तर्क दिए थे?

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि ट्राई के पास विज्ञापनों को विनियमित करने का अधिकार नहीं है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## दिल्ली पुलिस ने कुख्यात महिला ड्रग तस्कर को किया गिरफ्तार, 112 ग्राम हेरोइन बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**

दिल्ली पुलिस की दक्षिण जिला एएटीएस टीम ने एक कुख्यात महिला ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 112.32 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली स्मैक/हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला की पहचान मीना उर्फ मीनू (40 वर्ष) के रूप में हुई है।

हआरोपी करोल बाग के किशनगंज इलाके की निवासी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मीना हाल ही में 6 मई को एक एनडीपीएस मामले में जमानत पर रिहा हुई थी, लेकिन रिहाई के कुछ ही दिनों बाद उसने फिर से ड्रग सप्लाई की गतिविधियां शुरू कर दी थीं। दक्षिण जिला एएटीएस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मीना त्यागराज स्टेडियम, आईएनए कॉलोनी के पास ड्रग्स की डिलीवरी देने वाली है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी। निगरानी के दौरान जब मीना ड्रग्स सौंपने पहुंची तो पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस अधिनियम के तहत की गई तलाशी में उसके कब्जे से 112.32 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी नारकोटिक फील्ड टेस्टिंग किट से पुष्टि हो गई। पूछताछ में आरोपी ने खुद को आदतन ड्रग पेडलर बताया। वह दिल्ली में स्थानीय ग्राहकों और छोटे पेडलर्स को सिंथेटिक ड्रग्स की सप्लाई करती थी।




इस मामले में कोटला मुबारकपुर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत एफआईआर संख्या 106/2026 दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब आरोपी से आगे पूछताछ कर ड्रग सप्लाई नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

इस सफल ऑपरेशन का नेतृत्व इंस्पेक्टर उमेश यादव ने किया। टीम अरविंद कुमार, एडिशनल डीसीपी/ओपीएस, साउथ डिस्ट्रिक्ट के मार्गदर्शन में काम कर रही थी। टीम में एसआई साजिद हुसैन, नवदीप सिंह, एएसआई देशराज, रविंदर, हेड कांस्टेबल अमित, कृष्ण, अरविंद, ईश्वर, महिला हेड कांस्टेबल सीमा मलिक, कांस्टेबल मंधीर और अरविंद शामिल थे।

# केंद्र ने पीएम-सेतु योजना के तहत पहले स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट प्लान को दी मंजूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**

राष्ट्रीय संचालन समिति (एनएससी) ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम आईटीआई क्लस्टर के लिए स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह पीएम-सेतु यानी प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पीएम-एसईटीयू) योजना के तहत स्वीकृति पाने वाला पहला प्रस्ताव बन गया है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अनुसार, यह प्रस्ताव आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) द्वारा प्रस्तुत किया गया था। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश पीएम-सेतु के तहत उद्योग साझेदारी को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है, जिसने एंकर इंडस्ट्री पार्टनर (एआईपी) को शामिल किया है।




यह मंजूरी मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संचालन समिति की तीसरी बैठक में दी गई।

यह स्वीकृति पीएम-सेतु के उस विजन को लागू करने की दिशा में पहला ठोस कदम है, जिसके तहत सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उद्योग-प्रबंधित और परिणाम-आधारित संस्थानों में बदला जाना है। इसके लिए राज्य सरकारों और प्रमुख उद्योग समूहों के बीच साझेदारी की व्यवस्था की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने की। बैठक में प्रशिक्षण महानिदेशक (डीजीटी) दिलीप कुमार, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, उद्योग संगठनों और विकास सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

अधिकारियों ने कहा कि विशाखापट्टनम क्लस्टर को मिली मंजूरी पीएम-सेतु के तहत प्रस्तावित उद्योग-नेतृत्व वाले ह्रबव एंड स्पोकह्र मॉडल को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह अन्य राज्यों के लिए भी एक मॉडल के रूप में काम करेगा, जो व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में उद्योगों की भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं।

इसके अलावा, राष्ट्रीय संचालन समिति ने विभिन्न राज्यों में पीएम-सेतु योजना की प्रगति की भी समीक्षा की और उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने, प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, विशेष प्रयोजन वाहनों (एसपीवी) की वित्तीय स्थिरता सुधारने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

सरकार के अनुसार, 60,000 करोड़ रुपए के बजट वाली पीएम-सेतु एक प्रमुख सरकारी योजना है, जिसका उद्देश्य 1,000 सरकारी आईटीआई को उद्योग-नेतृत्व वाले ह्रबव एंड स्पोकह्र मॉडल के जरिए आधुनिक बनाना है।

## फटाफट खबरें

### युद्ध के डर से बढ़ी उर्वरक बिक्री, बढ़ी आयात लागत

**देश में यूरिया 10 फीसदी और डीएपी की बिक्री 39 फीसदी तक बढ़ी**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।** पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से भारतीय किसानों में उर्वरक की उपलब्धता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, जिसके चलते देश में यूरिया और डाई अमोनिया फॉस्फेट (डीएपी) की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। खरीफ सम्मेलन में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, किसानों द्वारा घबराहट में की गई खरीद, अत्यधिक भंडारण और जमाखोरी के कारण मार्च से मई के बीच यूरिया की बिक्री में लगभग 10 फीसदी और डीएपी की बिक्री में लगभग 39 फीसदी का उछाल आया है। इसके साथ ही, युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर उर्वरक आयात की लागत में भी भारी वृद्धि हुई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि युद्ध के बाद से यूरिया की दैनिक बिक्री सामान्य 40,000-45,000 टन से दोगुनी होकर लगभग 80,000-85,000 टन हो गई है।

### सोना एक हफ्ते में हजार और चांदी दो हजार रुपए से अधिक सस्ती

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।** सोने और चांदी के दामों में इस हफ्ते उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार सोना 1200 रुपए से अधिक और चांदी 2600 रुपए से अधिक सस्ते हुए हैं। इस गिरावट के पीछे वैश्विक अस्थिरता और महंगाई बढ़ने की आशंकाएं मुख्य वजह मानी जा रही हैं, जिससे खरीदारों के लिए यह एक अच्छा मौका बन गया है। इस हफ्ते 24 कैरेट सोने का दाम 1,257 रुपए कम होकर 1,56,463 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पहले 1,58,720 रुपए था। वहीं चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है, यह 2,650 रुपए सस्ती होकर 2,63,350 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। विभिन्न कैरेट के सोने में भी नरमी आई है, 22 कैरेट सोना अब 1,43,320 और 18 कैरेट सोना 1,17,347 रुपए प्रति 10 ग्राम पर उपलब्ध है। सोने में सबसे न्यूनतम दाम 27 मई को 1,56,072 रुपए देखा गया, जबकि चांदी 27 मई को 2,60,917 रुपए प्रति किलो तक गिरी थी।

## कनाडा दौरे के बाद पीयूष गोयल का बयान: भारत-कनाडा संबंधों में आई नई गति

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अपने कनाडा दौरे की प्रमुख झलकियां साझा करते हुए, कहा कि इस यात्रा ने भारत और कनाडा के संबंधों में आई नई गति को फिर से मजबूत किया है।



सोशल मीडिया पर 'कनाडा की मेरी बेहद सफल यात्रा की झलकियां' शीर्षक से साझा किए गए एक पोस्ट में गोयल ने कहा कि इस दौरे ने दोनों देशों की आपसी विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को भी दोहराया है। गोयल द्वारा साझा किए गए वीडियो में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू और विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ उनकी बैठकों की झलक दिखाई गई।

## मुंबई में सीएनजी की कीमतें 2 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ीं, पीएनजी 50 पैसे महंगी हुई

» **मुंबई, यूटर्न/ 30 मई।**

मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। शनिवार को महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने सीएनजी कीमतों में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की। जिससे रिटेल रेट बढ़कर 86 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है।

नई कीमतें मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और कंपनी की ओर से सेवा दिए जाने वाले अन्य इलाकों में लागू होंगी। सीएनजी की कीमतों में यह इस महीने की दूसरी बढ़ोतरी है; इससे पहले एमजीएल ने 14 मई को कीमतें 2 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाई थीं। बता दें कि कंपनी ने एमएमआर में पाइप वाली कुकिंग गैस (पीएनजी) की दरें भी 50 पैसे प्रति यूनिट बढ़ा दी हैं।



अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों पर लगातार दबाव और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति में आई रुकावटों की वजह से कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।

हाल के हफ्तों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई है, क्योंकि सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी का असर ग्राहकों पर डाल दिया है। मुंबई में शनिवार को पेट्रोल की कीमत 111.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 97.83 रुपये प्रति लीटर रही। इस बीच, केंद्र सरकार ने सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के भंडार को मजबूत करने का निर्देश दिया है।

तेल विपणन कंपनियों से आग्रह किया गया है कि वे घरेलू मांग के कम से कम 30 दिनों के बराबर एलपीजी का स्टॉक बनाए रखें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया कि सरकार के निर्देश पर, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां वर्तमान में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की बिक्री पर प्रतिदिन 550 करोड़ रुपये तक का नुकसान उठा रही हैं।

## क्रेटा और सेल्टोस को हाइब्रिड तकनीक से लांच की तैयारी




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**

कार निर्माता कंपनी हुंडई और किआ अपनी लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा और सेल्टोस को हाइब्रिड तकनीक के साथ लॉन्च करने की तैयारी में हैं। इनका मुकाबला बाजार में पहले से मौजूद मारुति ग्रैंड विटारा और टोयोटा हाइराइडर जैसी हाइब्रिड एसयूवी से होगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे पहले किआ सेल्टोस हाइब्रिड भारतीय बाजार में उतारी जाएगी, जबकि इसके बाद हुंडई क्रेटा हाइब्रिड लॉन्च होगी। जानकारी के अनुसार, दोनों कंपनियां इन नई एसयूवी की कीमत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए अधिकतर पार्ट्स का निर्माण भारत में ही करेंगी। दोनों गाड़ियों में समान हाइब्रिड पावरट्रेन मिलने की संभावना है। इसमें 1.5 लीटर का चार सिलेंडर पेट्रोल इंजन और एक इलेक्ट्रिक मोटर का संयोजन दिया जाएगा। ऑटो विशेषज्ञों का मानना है कि ये दोनों हाइब्रिड एसयूवी करीब 25 किलोमीटर प्रति लीटर तक का माइलेज दे सकती हैं, जिससे ईंधन खर्च में बड़ी बचत होगी।

हुंडई क्रेटा हाइब्रिड का डिजाइन कंपनी के नए 'क्रेटर' कॉन्सेप्ट से प्रेरित बताया जा रहा है। नई क्रेटा मौजूदा मॉडल की तुलना में ज्यादा बड़ी और मस्कुलर दिखाई दे सकती है। इसकी लंबाई करीब 4.5 मीटर और व्हीलबेस लगभग 2.7 मीटर रहने की संभावना है।

कंपनी क्रेटा के आकार में बदलाव कर अपने लाइनअप में नई कॉम्पैक्ट एसयूवी 'बायोन' के लिए भी जगह तैयार कर रही है। फीचर्स की बात करें तो क्रेटा हाइब्रिड में आधुनिक तकनीक से लैस प्रीमियम इंटीरियर देखने को मिल सकता है। इसमें 9.9 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, 12.9 इंच की बड़ी टचस्क्रीन और मेमोरी फंक्शन वाली पावर ड्राइवर सीट जैसे फीचर्स दिए जा सकते हैं।

## टियागो ईवी के 2026 फेसलिफ्ट मॉडल के इंटीरियर से पर्दा उठा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**

कार निर्माता स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी लोकप्रिय इलेक्ट्रिक कार टियागो ईवी के 2026 फेसलिफ्ट मॉडल के इंटीरियर से पर्दा उठा दिया है। कंपनी ने इसमें कई ऐसे बदलाव किए हैं, जो इसे एंट्री-लेवल इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में और मजबूत बना सकते हैं। नए मॉडल का केबिन पहले के मुकाबले ज्यादा मॉडर्न, प्रीमियम और फीचर-लोडेड दिखाई दे रहा है। नई टियागो ईवी में सबसे बड़ा बदलाव डुअल स्क्रीन सेटअप के रूप में देखने को मिला है। डैशबोर्ड पर बड़ा लैंडस्केप इंफोटेनमेंट डिस्प्ले दिया गया है, जबकि स्टीयरिंग के पीछे डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर लगाया गया है। इंफोटेनमेंट सिस्टम में वायरलेस एप्पल कारप्ले सपोर्ट भी मिलेगा। डिजिटल डिस्प्ले पर स्पीड, बैटरी रेंज, चार्जिंग स्टेटस, तापमान और समय जैसी जरूरी जानकारियां साफ और आकर्षक तरीके से दिखाई देंगी। स्टीयरिंग व्हील पर ऑडियो और फोन कंट्रोल के लिए माउंटेड बटन दिए गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी 19 किलोवॉट आवर बैटरी पैक को बंद कर सकती है। अब बेस वेरिएंट में 24 किलोवॉट आवर और टॉप मॉडल में 30 किलोवॉट आवर बैटरी पैक मिलने की संभावना है। साथ ही पंच ईवी वाला 6-इन-1 आई-ड्राइव मोटर भी इसमें दिया जा सकता है। वहीं क्लाइमेट कंट्रोल के लिए फिजिकल रोटरी डायल्स और बटन भी मौजूद हैं, जिससे ड्राइविंग के दौरान इस्तेमाल आसान हो जाता है। डैशबोर्ड में टू-टोन ग्रे और ब्लैक थीम के साथ सॉफ्ट-टच मटेरियल का उपयोग किया गया है, जो केबिन को प्रीमियम लुक देता है।

## टियागो ईवी के 2026 फेसलिफ्ट मॉडल के इंटीरियर से पर्दा उठा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**

कार निर्माता स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी लोकप्रिय इलेक्ट्रिक कार टियागो ईवी के 2026 फेसलिफ्ट मॉडल के इंटीरियर से पर्दा उठा दिया है। कंपनी ने इसमें कई ऐसे बदलाव किए हैं, जो इसे एंट्री-लेवल इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में और मजबूत बना सकते हैं। नए मॉडल का केबिन पहले के मुकाबले ज्यादा मॉडर्न, प्रीमियम और फीचर-लोडेड दिखाई दे रहा है। नई टियागो ईवी में सबसे बड़ा बदलाव डुअल स्क्रीन सेटअप के रूप में देखने को मिला है। डैशबोर्ड पर बड़ा लैंडस्केप इंफोटेनमेंट डिस्प्ले दिया गया है, जबकि स्टीयरिंग के पीछे डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर लगाया गया है। इंफोटेनमेंट सिस्टम में वायरलेस एप्पल कारप्ले सपोर्ट भी मिलेगा। डिजिटल डिस्प्ले पर स्पीड, बैटरी रेंज, चार्जिंग स्टेटस, तापमान और समय जैसी जरूरी जानकारियां साफ और आकर्षक तरीके से दिखाई देंगी। स्टीयरिंग व्हील पर ऑडियो और फोन कंट्रोल के लिए माउंटेड बटन दिए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी 19 किलोवॉट आवर बैटरी पैक को बंद कर सकती है। अब बेस वेरिएंट में 24 किलोवॉट आवर और टॉप मॉडल में 30 किलोवॉट आवर बैटरी पैक मिलने की संभावना है। साथ ही पंच ईवी वाला 6-इन-1 आई-ड्राइव मोटर भी इसमें दिया जा सकता है। वहीं क्लाइमेट कंट्रोल के लिए फिजिकल रोटरी डायल्स और बटन भी मौजूद हैं, जिससे ड्राइविंग के दौरान इस्तेमाल आसान हो जाता है। डैशबोर्ड में टू-टोन ग्रे और ब्लैक थीम के साथ सॉफ्ट-टच मटेरियल का उपयोग किया गया है, जो केबिन को प्रीमियम लुक देता है।



## आज का सुविचार

**सपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है**

# आग लगी तो बाथरूम में फंसे थे पूर्व आईएएस, धुएं से घुटा था दम; बेटा करता रहा था पिता की तलाश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पहले अध्यक्ष और पूर्व आईएएस धनेंद्र कुमार गर्ग बाथरूम में होने के वजह से आग में फंस गए थे। जब वह बाथरूम से बाहर निकले तो आग काफी फैल चुकी थी और चारों तरफ धुंआ ही धुंआ था। जैसे ही वह बाथरूम से निकले धुंआ उनको परेशान करने लगा और वह सांस के साथ धुंआ भी अंदर खीचने लगे और वह बेहोश हो गए थे। इसीसे उनकी मौत हुई है। घटना उनके 80वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले हुई, जबकि परिवार 30 मई को एक समारोह की तैयारी कर रहा था।

दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार बुधवार रात लगी इस आग में उनका बेटा गौरव भी गंभीर रूप से झुलस गया, जो जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए विशेष रूप से लंदन से आया था। हरियाणा कैडर के 1968 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी कुमार विश्व बैंक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुके थे। हौज खास एन्क्लेव स्थित उनके घर में बुधवार देर रात आग लगने के बाद धुएं के कारण दम घुटने से उनकी मौत हो गई। बेटा गौरव अभी अस्पताल में भर्ती है। परिवार के करीबी लोगों के अनुसार, 6 जून को कुमार का 80वां जन्मदिन था और उससे पहले 30 मई को रिश्तेदारों तथा करीबी परिचितों के लिए एक पारिवारिक समारोह था।



**घटना के समय सोने की तैयारी कर रहे थे**

पूर्व नौकरशाह धनेश कुमार के पिछले 14 वर्षों से प्रबंधक रहे अभिषेक रंजन ने बताया कि रात के भोजन के बाद सभी लोग सोने की तैयारी कर रहे थे। बेटा गौरव अपने कमरे में था, जबकि वह बाथरूम में थे। मैडम बैठक कक्ष में थीं। सबसे पहले घर के दो कर्मचारियों ने आग देखी। रंजन के अनुसार आग की शुरूआत संभवतः एयर कंडीशनर की इनडोर यूनिट में शॉर्ट सर्किट से हुई। सबसे पहले पर्दों में आग लगी और फिर उसके नीचे रखा सोफा जलने लगा। आग बहुत तेजी से भूतल पर फैल गई। रंजन ने बताया कि घरेलू कर्मचारियों ने व्हीलचेयर का इस्तेमाल करने वाली कुमार की पत्नी को बाहर निकाल लिया गया।

**बेटा पिता की तलाश कर रहा था:** पड़ोस में काम करने वाले रमेश सिंह ने बताया कि कुमार का बेटा धुएं में अपने पिता को तलाश रहा था। शुरूआत में धुएं के कारण अधिकारी का पता नहीं चल सका। बाद में वह बेहोशी की हालत में मिले और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। कुमार के एक पड़ोसी ने बताया कि नियमित गश्त पर निकले एक रात्रि प्रहरी ने आग देखी और पड़ोसियों को सूचना दी, जिसके बाद लोग आग बुझाने में मदद के लिए पहुंचे।

**बेटा गौरव अस्पताल में एडमिट, 48 घंटे निगरानी में:** दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूर्व नौकरशाह का बेटा गौरव 48 घंटे की निगरानी में अस्पताल में भर्ती है। उसे जब अस्पताल से छुट्टी मिलेगी तभी धनेश कुमार के शव का पोस्टमार्टम होगा। साथ ही उनकी छोटी बेटी भी दिल्ली आ जाएगी।

**एक बेटी अमेरिका में रहती है:** कुमार अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और अमेरिका में रहने वाली एक बेटी को छोड़ गए हैं। रंजन ने कुमार को संवेदनशील और अनुशासित व्यक्ति बताते हुए कहा कि वह कर्मचारियों के साथ भी परिवार जैसा व्यवहार करते थे।

# विजयनगर के लोगों को एक सप्ताह में मिलेगी गंगाजल की आपूर्ति, ट्रायल का काम लगभग पूरा

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मई।

विजयनगर इलाके की तीन लाख की आबादी के लिए राहतभरी खबर है। गंगाजल की आपूर्ति के लिए जलकल की ओर से ट्रायल का काम पूरा कर लिया गया है। दो वार्ड रह गए हैं, जिनमें ट्रायल का काम तेजी से चल रहा है। दावा है कि अगले एक सप्ताह में लोगों को गंगाजल मिलने लगेगा। करीब चार साल से इस योजना पर काम चल रहा था।

विजयनगर इलाके के 11 वार्डों में गंगाजल की आपूर्ति के लिए नौ किलोमीटर लंबी मुख्य और पांच किलोमीटर लंबी सहायक पाइपलाइन डाली गई थी। लाइन डलने के बाद लीकेज की समस्या दूर नहीं हो सकी, जिससे लोगों को गंगाजल मिलने में छह माह की देरी हो गई। अब लीकेज आदि का काम पूरा हो चुका है। ट्रायल का काम भी अधिकांश पूरा हो चुका है। नगर निगम के जलकल के महाप्रबंधक कामाख्या प्रसाद ने बताया कि वार्ड नौ व चार में ट्रायल का काम तेजी से चल रहा है। वार्ड नौ में ट्रायल के रूप में गंगाजल पहुंच चुका है। स्थानीय पार्षदों व आम लोगों ने इसके लिए निगम की टीम का आभार प्रकट किया।



**इन इलाकों को मिलेगा गंगाजल**

गंगाजल प्लांट से विजयनगर के वार्ड तीन, चार, 14, 15, 23, 25, 26, 48, 51, 55, 58, सेक्टर नौ विजयनगर और मवी में गंगाजल की आपूर्ति की जाएगी। इन इलाकों में तीन लाख से अधिक की आबादी रहती है। अब तक यहां के लोगों को निजी साधनों के ऊपर निर्भर रहना पड़ता था। निगम की ओर से पहले डाली गई लाइन में आए दिन समस्याएं रहती थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### गाली-गलौज का विरोध करने पर ननद-भाभी पर चाकू से हमला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 मई।** डबुआ कॉलोनी में दो पक्षों के बीच हो रही गाली-गलौज का विरोध करना पड़ोसी ननद-भाभी को भारी पड़ गया। आरोप है कि नाराज एक नाबालिग किशोर ने चाकू से हमला कर दोनों महिलाओं को घायल कर दिया। घायलों का बीके अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार घायल महिलाओं की पहचान कविता और उसकी ननद रितू के रूप में हुई है। बताया गया है कि 28 मई को पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग आपस में झगड़ा करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे। इस पर रितू और कविता ने विरोध जताया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर पड़ोस में रहने वाला एक नाबालिग घर से चाकू लेकर आया और दोनों महिलाओं पर हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गईं। आरोप यह भी है कि किशोर के परिवार के अन्य लोगों ने भी महिलाओं के साथ मारपीट की। घटना के समय महिला का पति गांव गया हुआ था, जबकि ससुर काम पर गए थे। सूचना मिलने पर डबुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### सट्टा खिलाने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 मई।** पल्ला क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा खेलने और खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने सट्टा पर्चियां, पेन और 12 हजार रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। पहली कार्रवाई क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दुर्गा बिल्डर रोड स्थित शराब के ठेके के पास की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगेश नामक युवक को सट्टा लगवाते हुए काबू किया। आरोपी लोगों को नंबरों पर दांव लगवाकर अधिक रकम का लालच दे रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन और 1960 रुपये बरामद हुए। वहीं दूसरी कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने पल्ला-ईस्माईलपुर रोड स्थित एक मिठाई की दुकान के पास की। यहां मोनू गुप्ता नामक युवक खुलेआम सट्टा खिला रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन और 10,170 रुपये नकद बरामद किए।

# शस्त्र लाइसेंस बनवाने और हथियार दिलाने के नाम पर लाखों ठगे

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 मई।

शस्त्र लाइसेंस बनवाने और हथियार दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ितों को फर्जी लाइसेंस बनवाया। इसके बाद इसी लाइसेंस पर हथियार भी मुहैया करवा दिया। फर्जी लाइसेंस का पता चलने पर पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ। तिगांव थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को पीड़ित की शिकायत के आधार पर ओमबीर, राजेश कुमार और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




गांव जाजरू निवासी मनीष डागर ने सहायक पुलिस आयुक्त तिगांव को दी शिकायत में बताया कि 2015 से उसका छोटा भाई कुलवंत डागर भारतीय सेना में कार्यरत है और वर्तमान में उसकी तैनाती पठानकोट, पंजाब में है।

चचेरे भाई नवीन डागर ने दोनों की ओमबीर निवासी फतेहपुर बिल्लौच से मुलाकात कराई, जिसने खुद को सेना में कार्यरत बताया।

आरोप है कि ओमबीर ने शस्त्र लाइसेंस बनवाने और हथियार दिलाने का वादा किया। ओमबीर ने कहा कि वह हथियार न्यू पंजाब गन हाउस, फाजिल्का पंजाब से उपलब्ध करवा देगा। इसके बाद कुलवंत डागर ने ओमबीर के खाते में दो किस्तों में 95 हजार रुपये ट्रांसफर किए। पहली किस्त 4 नवंबर 2025 को 50 हजार रुपये और दूसरी किस्त 3 मार्च 2026 को 45 हजार रुपये भेजी गई।

# पत्नी के शराब पीने से रोकने पर पति ने नहर में कूदकर दी जान

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 मई।

शहर में घरेलू कलह और अवसाद के चलते एक व्यक्ति ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। संजय कॉलोनी इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति को जब उसकी पत्नी ने शराब पीने से टोका तो वह गुस्से में घर से निकल गया और गुरुग्राम नहर में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची मुजेसर थाना क्षेत्र की पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान संजय कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी संयोगिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका पति विशाल पिछले करीब आठ महीने से बेरोजगार था। नौकरी न होने के कारण वह मानसिक तनाव में रहता था और उसे शराब पीने की लत लग गई थी। घर का खर्च चलाने और दोनों बच्चों (एक लड़का और एक लड़की) की परवरिश के लिए संयोगिता खुद एक निजी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने (ट्यूशन) का काम कर रही थी। पति की शराब की लत के कारण घर में आए दिन झगड़ा होता रहता था।



**शराब पीने से मना करने पर नाराज होकर निकला था घर से**

संयोगिता ने पुलिस को बताया कि 27 मई को पति विशाल के साथ शराब पीने को लेकर बहस हुई थी। जब उसने विशाल को शराब पीने और पैसे बर्बाद करने से सख्ती से रोका, तो वह गुस्से में झगड़ा करके घर से बाहर निकल गया। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिवार के लोगों ने उसे रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश किया, लेकिन विशाल का कहीं पर भी कोई सुराग नहीं लगा।

# एसटीपी में गड़बड़ी की शिकायत पर प्रदूषण बोर्ड ने लिया संज्ञान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मई।** सेक्टर-95 स्थित सिद्धार्थ एनसीआर ग्रीन सोसाइटी में एसटीपी में गड़बड़ी की शिकायत पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संज्ञान लेते हुए निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण विभाग और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने सिद्धार्थ एनसीआर ग्रीन का दौरा किया और लगभग 1.5 घंटे तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यावरणीय मानकों और परिसर में चल रहे एसटीपी की कार्यप्रणाली की गहन जांच की गई। टीम ने मौके से सैंपल भी लिए, जिनकी रिपोर्ट लगभग 10 दिन में आने की उम्मीद है। दौरे के समय निवासी रवि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अधिकारियों को बताया कि कई दिनों से सीवर के पानी के कारण स्थिति बेहद खराब हो गई है। अधिकारियों ने पानी की गुणवत्ता, उपचार प्रक्रिया और मानकों के पालन की समीक्षा की। प्रारंभिक रूप से प्रक्रिया संतोषजनक पाई गई, साथ ही सुधार के सुझाव भी दिए गए। आरोप है कि बिल्डर की ओर से बिना उपचारित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का गंदा पानी खुले क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है, जिससे सोसाइटी के पास जहरीला जलभराव बन गया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



जिरो डी इटालिया साइकिल रेस के सबसे कठिन चरण से निकलकर जीत हासिल करते हुए अमेरिकी चालक सेप कुस।

# आईआईएचएफ आइस हॉकी विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी भारतीय टीम

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।

भारतीय पुरुष और महिला टीमें अगले साल होने वाले आईआईएचएफ आइस हॉकी विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी है। भारतीय टीमों को इसमें डिविजन 4 में रखा गया है। आइस हॉकी वर्ल्ड चैंपियनशिप अगले साल 14 से 30 मई के बीच जर्मनी के डसेलडोर्फ और मैनहेम में होगी। इसके लिए पुरुष, महिला टीमें राष्ट्रीय शिविरों, खिलाड़ियों के मूल्यांकन, कोचिंग कार्यक्रमों और प्रतिस्पर्धी अनुभव को सहारा लेंगी। भारत साल 1989 से ही अंतरराष्ट्रीय आइस हॉकी फेडरेशन का पूर्ण सदस्य रहा है। भले ही भारतीय टीमों का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय टूर्नामेंट्स में कुछ खास नहीं रहा हो पर वह लगातार बेहतर करती आई है।



देहरादून स्थित हिमाद्री आइस रिंक (भारत का एकमात्र ओलंपिक-आकार का इनडोर आइस रिंक है) इसमें आयोजित 2025 नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप ने पुरुष, महिला और युवा श्रेणियों की टीमों को बेहतर अनुभव हासिल करने का अवसर दिया है।

यूएई में आयोजित आईआईएचएफ महिला एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को कांस्य पदक मिला था। इससे भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा था। अब विश्व वर्ल्ड चैंपियनशिप 2027 में महिला और पुरुष दोनो ही वर्ग में अंडर-20 टीमों को भी शामिल करना एक और अहम सफलता है। इससे युवा खिलाड़ियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

आईआईएचएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2027 सिर्फ एक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं है। आईआईएचएफ प्रतियोगिता प्रणाली के तहत देश विश्व आइस हॉकी में अपनी स्थिति बनाने के लिए अलग-अलग डिवीजन में मुकाबला करते हैं। वहीं भारत का एक ही समय में तीन राष्ट्रीय टीमों के साथ इसमें प्रवेश करना, 2027 संस्करण को भारतीय आइस हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा।

# ऑरेंज कैप की रेस हुई रोमांचक, पर्पल कैप पर कगिसो रबाडा का कब्जा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।

आईपीएल 2026 के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 7 विकेट से हराया। इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी, साई सुदर्शन और शुभमन गिल की दमदार पारियों ने ऑरेंज कैप की रेस को बेहद रोमांचक बना दिया है। वहीं, पर्पल कैप पर कगिसो रबाडा का कब्जा हो गया है।

आरआर की तरफ से दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में 96 रनों की शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी के साथ ही वैभव ऑरेंज कैप को अपने पास रखने में सफल रहे हैं। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने सीजन का अंत 16 मुकाबलों में 237 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 776 रनों के साथ किया। वहीं, जीटी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले शुभमन गिल ऑरेंज कैप की रेस में अब दूसरे पायदान पर आ गए हैं।

गिल ने आरआर के खिलाफ 53 गेंदों में 104 रनों की लाजवाब पारी खेली। वह आईपीएल 2026 में खेले 15 मुकाबलों में 722 रन बना चुके हैं। गिल के सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन 16 मुकाबलों में 710 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 15 मुकाबलों में 624 रनों के साथ लिस्ट में चौथे नंबर पर काबिज हैं, जबकि ईशान किशन 602 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

जीटी के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने पर्पल कैप पर भुवनेश्वर कुमार की बादशाहत को खत्म कर दिया है। पर्पल कैप पर कगिसो रबाडा का कब्जा हो गया है। रबाडा ने दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में 2 विकेट चटकाए।

## विनेश फोगाट ने पास किया वजन-माप, एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में 53 किलोग्राम में लेंगी हिस्सा



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।** भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में महिलाओं के 53 किलोग्राम कैटेगरी के लिए वजन-माप (वेट-इन) टेस्ट को सफलतापूर्वक पास कर लिया। विनेश अब एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में 53 किलोग्राम की कैटेगरी में हिस्सा लेंगी। अधिकारियों के मुताबिक, विनेश फोगाट उन सभी योग्य पहलवानों में शामिल थीं, जिन्होंने तय समय पर वजन-माप के लिए रिपोर्ट किया और जरूरी औपचारिकताएं पूरी कीं। इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद वह अब जल्द शुरू होने वाले सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए पात्र हो गई हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने एक बयान में कहा, 'तय शेड्यूल के अनुसार, नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल के लिए महिलाओं की 53 किलोग्राम कैटेगरी सहित सभी वजन कैटेगरी के लिए वजन माप किया गया। विनेश फोगाट सहित सभी योग्य पहलवानों ने वजन-माप के लिए रिपोर्ट किया और जरूरी औपचारिकताएं पूरी कीं। इसके अनुसार, तय जरूरतों को पूरा करने वाले सभी योग्य पहलवानों को सिलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए क्लियर कर दिया गया है।' इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ओलंपियन विनेश फोगाट को एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने की इजाजत देने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगाने से मना कर दिया था।

# बॉलीवुड में ग्लैमर का तड़का



PARNITI CHOPRA



TRIPTI DIMRI

## फटाफट खबरें

### अमेरिका हटाएगा होर्मुज जलडमरूमध्य से नाकेबंदी-ट्रंप

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 मई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ एक प्रस्तावित समझौते पर सहमति बनने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य पर लगी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी हटाई जायेगी। श्री ट्रंप ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान को अमेरिका की शर्तें स्वीकार करनी होंगी, जिनमें होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी समुद्री जहाजों की निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने कहा, 'ईरान को इस बात पर सहमत होना होगा कि वह कभी भी परमाणु हथियार या परमाणु बम हासिल नहीं करेगा।' श्री ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी के कारण जलडमरूमध्य में फंसे जहाज अब अपने गंतव्य की ओर लौटने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी अभूतपूर्व नौसैनिक नाकेबंदी, जिसे अब हटाया जाएगा।

### हांगकांग में पत्रकार को जेल, प्रेस संगठन ने की निंदा

पेरिस, यूटर्न/ 30 मई। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता संगठन रिपोर्टर्स विद्आउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) ने हांगकांग के वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व हांगकांग जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (एचकेजेए) प्रमुख रॉनसन चान को जेल की सजा दिए जाने की कड़ी निंदा की है। चान को 'पुलिस अधिकारी के कार्य में बाधा डालने' के आरोप में पांच दिन जेल की सजा सुनाई गई है। सजा को त्वरित प्रभाव से लागू कर दिया गया। आरएसएफ के अनुसार, चान को सितंबर 2022 में हांगकांग के मोंगकॉक इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी की बैठक की रिपोर्टिंग करते समय गिरफ्तार किया गया था, जब वे एक सादे कपड़ों वाले पुलिस अधिकारी से सवाल कर रहे थे। इसे ही पुलिस ने संदिग्ध माना। आरएसएफ एशिया पैसिफिक की एडवोकेसी मैनेजर एलेक्जेंड्रा बिएलाकोव्स्का ने कहा, 'यह फैसला स्वतंत्र पत्रकारिता को दबाने का उदाहरण है और इससे प्रेस स्वतंत्रता पर गंभीर असर पड़ेगा।

### कंबोडिया ने हासिल किया 95-95-95 एचआईवी लक्ष्य, 2030 तक एड्स उन्मूलन की राह पर

**नोम पेन्ह,यूटर्न/ 30 मई।** कंबोडिया ने एचआईवी के खिलाफ बड़ी बाधा पार कर ली है। पिछले वर्ष एचआईवी उपचार के लिए निर्धारित 95-95-95 लक्ष्य हासिल कर लिया है और वर्ष 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरे के रूप में समाप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह जानकारी देश के स्वास्थ्य मंत्री चियांग रा ने दी। इन लक्ष्यों का अर्थ है कि एचआईवी के साथ जी रहे 95 प्रतिशत लोगों को अपनी एचआईवी स्थिति की जानकारी हो। अपनी स्थिति जानने वाले 95 प्रतिशत लोग जीवनरक्षक एंटीरेट्रोवायरल (एआरटी) उपचार प्राप्त कर रहे हों। उपचार प्राप्त कर रहे 95 प्रतिशत लोगों में वायरस का स्तर इतना कम हो कि वह नियंत्रित (वायरली सप्रेस्ड) हो जाए। एचआईवी वह वायरस है जो एड्स का कारण बनता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार देर रात बयान जारी किया। जिसके अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि शुक्रवार को नोम पेन्ह में कंबोडिया, लाओस और मलेशिया के लिए यूएनएड्स की कंट्री डायरेक्टर पैट्रिशिया ऑनपिन के साथ बैठक के दौरान साझा की।

# महात्मा बुद्ध के शिष्यों के अस्थि अवशेष

## दिल्ली से मंगोलिया पहुंचाने में ह्यगजराजह्ल ने निभाई अहम भूमिका

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मई।**



ह्यगजराजह्ल ने एक अहम मिशन को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाई है। दो देशों के संबंधों को और समृद्ध करने की जिम्मेदारी इसने निभाई। ह्यगजराजह्ल भारतीय वायुसेना का प्रमुख भारी भरकम परिवहन विमान है और इसे आईएल-76एमडी नाम से भी जाना जाता है।

भारतीय वायुसेना के जनसंपर्क विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि वायुसेना का ये बड़ा विमान शनिवार को भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को दिल्ली से मंगोलिया ले जाने के मिशन में शामिल रहा। यह मिशन सांस्कृतिक कूटनीति और भारत की सभ्यतागत विरासत के वैश्विक प्रसार का प्रतीक माना जा रहा है। बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध के अवशेषों को ज्ञान, करुणा और मोक्ष के प्रतीक के रूप में अत्यंत श्रद्धा से देखा जाता है। मंगोलिया में इन अवशेषों का प्रदर्शन दोनों देशों के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करता है।

भारत और मंगोलिया बौद्ध धर्म की साझा विरासत के माध्यम से ऐतिहासिक रूप से जुड़े हुए हैं, और यह मिशन उस सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रिश्ते को और गहराई प्रदान करता है। आगे लिखा गया कि भारतीय वायुसेना के लिए यह केवल एक लॉजिस्टिक मिशन नहीं था, बल्कि आस्था, विरासत और अंतरराष्ट्रीय मित्रता को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास था, जिसे गजराज के सहारे अंजाम दिया गया। तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा है कि एयरपोर्ट पर पूरे विधि-विधान के साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल के हाथों में सौंपा गया, जिसकी अगुवाई असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने की। इनमें महात्मा बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों अरहंत सारिपुत्र और अरहंत मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेष हैं।

## दुनिया भर में संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा में 2025 में भारी बढ़ोतरी: यूएन रिपोर्ट

» **संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 30 मई।**

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 में दुनिया भर में युद्ध और संघर्ष के दौरान होने वाली यौन हिंसा के मामलों में पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव की सालाना रिपोर्ट में कहा गया है, '2025 में संयुक्त राष्ट्र की ओर से सत्यापित किए गए संघर्ष के दौरान जुड़े यौन हिंसा के मामलों में 2024 की तुलना में तेजी से बढ़ोतरी हुई। इन मामलों में बेहद क्रूरता देखने को मिली, और ज्यादातर मामलों में महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाया गया।' सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में संघर्ष से जुड़े यौन हिंसा के कुल 9,788 मामले दर्ज किए गए। यह संख्या 2024 के आंकड़ों (4,617 मामले) से दोगुनी से भी ज्यादा है। यह रिपोर्ट गुरुवार को सुरक्षा परिषद को सौंपी गई थी और शुक्रवार को इसे प्रेस के लिए जारी किया गया।

# चीन में बने स्मार्ट वाहन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा !

## दो डेमोक्रेटिक सांसदों ने अमेरिका आने से इन्हें रोकने किया बिल पेश

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 30 मई।**

अमेरिका के दो डेमोक्रेटिक सांसदों ने चीन से जुड़ी गाड़ियों को कनाडा और मैक्सिको के रास्ते अमेरिका आने से रोकने के लिए बिल पेश किया। उनकी ओर से चेतावनी दी गई कि ये गाड़ियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं और अमेरिकी ऑटो उद्योग के लिए भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस बिल से चीन और अन्य विरोधी देशों से आने वाले कनेक्टेड वाहनों को अमेरिका में आने से रोक दिया जाएगा, जिसमें चीन में बने या चीनी कंपनियों की ओर से बनाए गए वाहन भी शामिल हैं।

हेली स्टीवंस ने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अमेरिकी ड्राइवरों, सड़कों या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बारे में संवेदनशील जानकारी तक कभी भी पहुंच नहीं मिलनी चाहिए। यह बिल उन खतरनाक कमियों को दूर करता है, जिनके कारण अभी चीन कनेक्टेड वाहन कनाडा और मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में आ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने और मिशिगन के उन ऑटो-कर्मियों के साथ खड़े होने के बारे में है, जो दुनिया के सबसे



बेहतरीन वाहन बनाते हैं।

उन्होंने बताया कि मैक्सिको बाजार में अब चीनी वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 15 फीसदी है। उन्होंने कनाडा के जनवरी 2026 के चीन के साथ हुए व्यापार समझौते का भी जिक्र किया, जिसके तहत हजारों चीनी वाहनों पर लगने वाले शुल्क में भारी कमी आएगी। सांसदों ने कहा कि चीन से आने वाले कनेक्टेड वाहनों का खतरा अब उत्तर और दक्षिण तक पहुंच चुका है। स्लॉटकिन ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ आर्थिक मामलों तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों से जुड़ा मुद्दा है। हमें इन वाहनों को अपनी सीमाओं को पार करके हमारे समुदायों में प्रवेश करने से हर हाल में रोकना होगा।

## ईएईयू के साथ संबंधों को गहरा करना रूस की सर्वोच्च प्राथमिकता है: पुतिन

» **मास्को, यूटर्न/ 30 मई।**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) के सदस्य देशों के साथ रणनीतिक और घनिष्ठ संबंधों को गहरा करना रूस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्री पुतिन ने 'सुप्रीम यूरेशियन इकोनॉमिक काउंसिल' की बैठक के दौरान कहा कि आज ही के दिन (29 मई) साल 2014 में इस संघ की स्थापना के ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और पिछले 12 वर्षों के लगातार प्रयासों ने इसे एक बेहद प्रभावी एकीकरण संगठन बना दिया है। रूस के राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इस संगठन की गतिविधियां वैश्विक स्तर पर काफी ध्यान आकर्षित कर रही हैं और दुनिया के कई देश और संगठन इसके साथ सहयोग बढ़ाने में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

साल-दर-साल संघ के साथ तरजीही व्यापार करने वाले साझेदार देशों का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, 'कई देश और बड़े क्षेत्रीय संगठन, जैसे स्वतंत्र देशों का राष्ट्रमंडल (सीआईएस), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का संगठन (आसियान), हमारे इस पांच सदस्यीय समूह के साथ संबंध विकसित करने के इच्छुक हैं। आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए श्री पुतिन ने बताया कि यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के देशों के प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतक सकारात्मक और मजबूत रुझान दिखा रहे हैं। संगठन के भीतर कुल औद्योगिक उत्पादन में 1.6 प्रतिशत, कृषि उत्पादन में 4.6 प्रतिशत और निर्माण क्षेत्र में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

इसके साथ ही, सदस्य देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी और श्रम के लिए साझा बाजार पूरी तरह स्थापित हो चुके हैं।

# ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन पर अड़ा, कहा- अमेरिका के साथ अभी तक कोई समझौता तय नहीं

» **तेहरान, यूटर्न/ 30 मई।**

ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन को लेकर अड़ा हुआ है। इसी बीच ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ अभी तक किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बगाई ने सरकारी टीवी चैनल आईआरआईबी के साथ एक टेलीफोन इंटरव्यू में अमेरिका के साथ समझौते पर कहा कि दोनों पक्षों के बीच संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते के लिए अपनी शर्तें सार्वजनिक करते हुए कहा कि वह जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे।



बगाई ने दोहराया कि बातचीत में ईरान का मौजूदा ध्यान युद्ध को खत्म करने पर है। उन्होंने कहा, 'इस चरण पर हम ईरान के यूरेनियम संवर्धन या समृद्ध यूरेनियम से जुड़े मुद्दों के विवरण पर कोई बात नहीं कर रहे हैं।'

होर्मुज स्ट्रेट के संभावित रूप से फिर से खुलने के बारे में बात करते हुए बगाई ने कहा कि इस स्ट्रेट का भविष्य का प्रबंधन सिर्फ ईरान और ओमान से संबंधित है।

इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी मांगें बताते हुए कहा, 'ईरान को इस बात पर सहमत होना होगा कि उनके पास कभी भी कोई परमाणु हथियार या बम नहीं होगा।'

ट्रंप ने कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोला जाना चाहिए और दोनों दिशाओं में जहाजों की आवाजाही पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं होना चाहिए। पानी में बिछाई गई सभी सुरंगों (माइन) को हटा दिया जाएगा।'

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की ओर से लगाई गई नौसैनिक नाकेबंदी अब हटा ली जाएगी। उन्होंने कहा, 'ईरान के समृद्ध यूरेनियम के भंडार को अमेरिका, ईरान और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के समन्वय से खोज निकालेगा और नष्ट कर देगा। युद्ध के लिए ईरान की ओर से मांगी गई वित्तीय मुआवजे के संबंध में ट्रंप ने कहा, 'अगली सूचना तक, किसी भी पैसे का आदान-प्रदान नहीं किया जाएगा।' गौरतलब है कि ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच 40 दिनों तक लड़ाई चली। इसके बाद 8 अप्रैल को युद्धविराम किया गया था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *